शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018

UP-TET

संस्कृत

मॉडल पेपर (1-12)

विजयी भव

लेखक

सर्वज्ञभूषण

प्रकाशक

संस्कृतगङ्गा

59, मोरी, दारागंज, इलाहाबाद

मो. 9839852033, 7800138404

UP-TET संस्कृत पाठ्यक्रम (1-5 प्राथमिक स्तर)

1. वर्ण विचार- स्वर, व्यञ्जन
2. माहेश्वर सूत्र
3. प्रत्याहार
4. वर्णों का उच्चारणस्थान
5. वर्णों का आभ्यन्तर एवं बाह्यप्रयत्न
6. व्याकरणशास्त्र की प्रसिद्ध संज्ञायें एवं परिभाषायें
   गुण, वृद्धि, ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत, अनुनासिक, लिङ्ग, वचन, पुरुष, विभक्ति, कारक, गण, लकार आदि
7. सन्धि (स्वर, व्यञ्जन एवं विसर्ग)
8. समास (पाँच प्रकार)
9. कारक (प्रमुख सूत्र)
10. प्रत्यय- क्त्वा, ल्यप्, तव्यत्, अनीयर्, तुमुन्, क्त, क्तवतु, शतृ, शानच्, ल्युट्, आदि।
11. उपसर्ग एवं अव्यय
12. पर्यायवाची शब्द
13. विलोमशब्द
14. वाच्यपरिवर्तन (कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य)
15. संस्कृतसंख्यायें (1 से 100 तक)
16. शरीर के अंगों के नाम, घर, परिवार, परिवेश, पशु, पक्षी, एवं घरेलू उपयोग की वस्तुओं के संस्कृत नाम
17. **शब्दरूप-**
    (i) अकारान्त पुंलिङ्ग - राम, बालक, छात्र आदि
    (ii) इकारान्त पुंलिङ्ग - हरि, मुनि, कवि आदि
    (iii) उकारान्त पुंलिङ्ग - गुरु, भानु, साधु आदि
    (iv) ऋकारान्त पुंलिङ्ग - पितृ, मातृ, जामातृ आदि
    (v) आकारान्त स्त्रीलिङ्ग - रमा, बालिका, लता आदि
    (vi) ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग - नदी, जननी, नगरी आदि
    (vii) ऋकारान्त स्त्रीलिङ्ग - मातृ, स्वसृ, दुहितृ आदि
    (viii) अकारान्त नपुंसकलिङ्ग - फल, जल, ज्ञान आदि
18. सर्वनाम रूप- तद्, एतद्, यत्, किम्, सर्व, अस्मद्, युष्मद्, भवत् आदि।
19. धातुरूप (क्रियायें) - भू, गम्, पठ्, वस्, अस्, शक्, प्रच्छ्, पा, दृश्, स्था, नी, नश्, आप्, इष्
    लभ्, याच्, ग्रह्, कथ्, जन्, दा, ज्ञा, चुर्, भाष्, शीङ्, विद्, सेव्, क्री, कृ
20. कवियों एवं लेखकों की रचनायें
21. संस्कृत सूक्तियाँ
22. अपठित अनुच्छेद
23. मॉडल पेपर (10 आदर्श प्रश्नपत्र)
24. विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों का व्याख्यात्मक हल

अनुशासनम् अध्ययनम् अभ्यासः प्रयागः संस्कृतगङ्गा

01 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. 'वर्ण' का अर्थ है-
(A) पद (B) शब्द
(C) अक्षर (D) वाक्य

2. स्वर के कितने भेद होते हैं-
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

3. व्यञ्जन का दूसरा नाम है-
(A) अच् (B) शल्
(C) यण् (D) हल्

4. स्वर को और क्या कहते हैं-
(A) हल् (B) अच्
(C) अक् (D) जश्

5. स्पर्श व्यञ्जन के अन्तर्गत कौन से वर्ण आते हैं-
(A) क से ञ तक (B) क से न तक
(C) क से म तक (D) क से ज्ञ तक

6. व्यञ्जनों के कुल कितने भेद हैं-
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

7. माहेश्वर सूत्र में कितने सूत्रों की गणना होती है?
(A) 12 (B) 13
(C) 16 (D) 14

8. 'त' का उच्चारण स्थान है?
(A) कण्ठ (B) दन्त
(C) मूर्धा (D) तालु

9. अन्तःस्थ के अन्तर्गत कितने वर्ण सम्मिलित किये गये हैं?
(A) श् ष् स् ह् (B) य् व् र् ल्
(C) अ इ उ ण् (D) क्ष् त्र् ज्ञ् ह्

10. अच् प्रत्याहार के अन्तर्गत आने वाले वर्ण हैं-
(A) अ इ उ ऋ ऌ
(B) अ इ उ ण्
(C) अ इ उ ऋ ऌ ए ओ
(D) अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ

11. दीर्घ सन्धि का उदाहरण है-
(A) रमेशः (B) सदैव
(C) श्रीशः (D) पावकः

12. गुण सन्धि का सूत्र है-
(A) वृद्धिरेचि (B) अकः सवर्णे दीर्घः
(C) आद्गुणः (D) इको यणचि

13. 'रामश्शेते' किस सूत्र का उदाहरण है-
(A) ष्टुना ष्टुः (B) स्तोः श्चुना श्चुः
(C) झलां जशोऽन्ते (D) झलां जश् झशि

14. 'यथाशक्ति' में कौन सा समास है?
(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

15. 'पितरौ' में समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

16. कर्मकारक में कौन सी विभक्ति होती है?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

17. 'पुत्रेण सह माता गच्छति' यहाँ रेखाङ्कित पद में कौन सी विभक्ति है?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

18. 'अहं पुस्तकं पठामि' को कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिये-
(A) मया पुस्तकः पठ्यते
(B) मया पुस्तकं पठ्येते
(C) मया पुस्तकं पठ्यते
(D) मम पुस्तकं पठ्यते

19. पा+क्त्वा मिलकर बनेगा-
(A) पात्वा (B) पीत्वा
(C) पीक्त्वा (D) पित्वा

20. नी धातु का लृट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप होगा

(A) नीष्यते (B) नेष्यति

(C) नष्यति (D) निष्यति

21. 'पितृ' शब्द का द्वितीया बहुवचन में रूप बनेगा-

(A) पितॄन् (B) पितृन्

(C) पितृन (D) पितान्

22. '26' को संस्कृत में क्या कहेंगे-

(A) षटविंशतिः (B) षडविंशतिः

(C) षट्विंशतः (D) षड्विंशतिः

23. निम्नलिखित में से अव्यय पद नहीं है-

(A) ऋते (B) कदा

(C) एकधा (D) जाल्जः

24. 'बृहत्कथा' के लेखक कौन हैं?

(A) सुबन्धु (B) बाणभट्ट

(C) गुणाढ्य (D) दण्डी

25. निम्नलिखित पदों में कौन सा पद अशुद्ध है?

(A) रामः हरिश्च गच्छतः

(B) ते अत्र कदा आगच्छन्ति

(C) किं अहं पठानि?

(D) अयम् एका बालिका आगच्छति

26. निम्नलिखित में से किसका पर्यायवाची समूह सही नहीं है-

(A) अमृतम् - त्रिदशाहारः, सुधा, अमिय

(B) अश्वः - घोटकः, वाहः, वाजी

(C) गङ्गा - मन्दाकिनी, विष्णुपदी, भीष्मसूः

(D) कामदेवः - स्कन्धः, मयुः, कुमारः

27. उच्चारणकौशल से सम्बन्धित नहीं है-

(A) अक्षराभिव्यक्ति (B) गति

(C) विराम (D) भावातिरेक

28. आगमन विधि का सही क्रम है?

(A) निरीक्षण, उदाहरण, नियमनिर्धारण, परीक्षण

(B) उदाहरण, प्रस्ताव, निरीक्षण, नियमनिर्धारण, परीक्षण

(C) उदाहरण, निरीक्षण, नियमनिर्धारण, परीक्षण

(D) उदाहरण, प्रस्ताव, नियमनिर्धारण, निरीक्षण, परीक्षण

29. निम्नलिखित में से कौन संस्कृत शिक्षण पद्धति है-

(A) व्याकरणपद्धति (B) विश्लेषणात्मक पद्धति

(C) अनुवादपद्धति (D) उपर्युक्त सभी

30. निम्नलिखित में से शिक्षणसूत्र है?

(A) पूर्ण से अंश की ओर

(B) अनिश्चित से निश्चित की ओर

(C) सरल से कठिन की ओर

(D) उपर्युक्त सभी

उत्तरमाला

1.C 2.B 3.D 4.B 5.C 6.C 7.D 8.B 9.B 10.D 11.C 12.C 13.B 14.B 15.D 16.A 17.B 18.C 19.B 20.B 21.A 22.D 23.D 24.C 25.D 26.D 27.D 28.B 29.D 30.D

UP-TET और M.P. वर्ग 1-2 (संस्कृत) हेतु YouTube पर संस्कृतगंगा चैनल को देखें।

02 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. 'अष्टाध्यायी' के लेखक हैं?

(A) कात्यायन (B) पतञ्जलि

(C) पाणिनि (D) शाकटायन

2. अयादि सन्धि का सूत्र है?

(A) वृद्धिरेचि (B) आद्गुणः

(C) इको यणचि (D) एचोऽयवायावः

3. आभ्यन्तर प्रयत्न कितने प्रकार के होते हैं-

(A) चार (B) पाँच

(C) छः (D) सात

4. 'जश्' प्रत्याहार के अन्तर्गत कौन से वर्ण आते हैं?

(A) ज ब ग ण द श

(B) ज ब ग ङ ण द श

(C) ज ब ग ड द

(D) ज भ ग ड द

5. मूर्धा से बोले जाने वाले वर्णों को चुनिये-

(A) ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष

(B) ऋ, च, छ, ज, झ, ञ

(C) ल्, त, थ, द, ध, न

(D) प, फ, ब, भ, म

6. विद्या+अर्थी में सन्धि है-

(A) दीर्घ सन्धि (B) यण् सन्धि

(C) गुण सन्धि (D) वृद्धि सन्धि

7. 'चक्रपाणिः' में समास है-

(A) अव्ययीभाव (B) बहुव्रीहि

(C) द्विगु (D) द्वन्द्व

8. 'वृक्षात् पत्राणि पतन्ति' में 'वृक्षात्' में कौन सी विभक्ति है?

(A) तृतीया (B) चतुर्थी

(C) पञ्चमी (D) द्वितीया

9. 'वयं जलं पास्यामः' का कर्मवाच्य होगा?

(A) अस्माभिः जलं पास्यते

(B) मया जलं पास्यते

(C) मह्यम् जलं पिबति

(D) अहं जलं पिबामि

10. 'पीतः' में प्रकृति प्रत्यय होगा-

(A) पि + क्त (B) पा + क्त

(C) पा + तः (D) पिब् + क्त

11. दृश् धातु विधिलिङ्लकार मध्यमपुरुष बहुवचन का रूप होगा-

(A) पश्येतम् (B) पश्येत्

(C) पश्येत (D) पश्येयम्

12. 'नद्यः' पद 'नदी' शब्द के किस विभक्ति एवं वचन का रूप है-

(A) प्रथमा एकवचन (B) द्वितीया द्विवचन

(C) प्रथमा बहुवचन (D) तृतीया बहुवचन

13. 'उन्नीस' को संस्कृत में कहेंगे -

(A) नवदश (B) ऊनविंशतिः

(C) एकोनविंशतिः (D) उपर्युक्त सभी

14. निम्नलिखित में कौन शब्द 'उपसर्ग' नहीं है-

(A) प्र (B) परा

(C) सम् (D) अम्

15. निम्नलिखित विलोम शब्दों में अशुद्ध युग्म को चुनिये-

(A) रुग्णः - रोगी

(B) शोकः - आनन्दः

(C) महायोगी - महाभोगी

(D) मलिनम् - पवित्रम्

16. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में कितने अङ्क हैं?

(A) 5 (B) 6

(C) 7 (D) 9

17. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' किस आचार्य का काव्य लक्षण है?

(A) विश्वनाथ (B) मम्मट

(C) दण्डी (D) आनन्दवर्धन

18. संस्कृत में कितने लिङ्ग हैं?

(A) पाँच (B) दो

(C) तीन (D) चार

19. 'सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम्' किस ग्रन्थ की सूक्ति है?

(A) कादम्बरी (B) नीतिशतकम्

(C) पञ्चतन्त्र (D) सुभाषितरत्नावली

20. 'मुझे पढ़ना अच्छा लगता है।' इसका अनुवाद होगा-

(A) मह्यम् पठनं रोचति

(B) मया पठनं रोचते

(C) अहं पठनं रोचते

(D) मह्यं पठनं रोचते

21. गीता महाभारत के किस पर्व से लिया गया है?

(A) सभापर्व (B) उद्योगपर्व

(C) भीष्मपर्व (D) आदिपर्व

22. 'सन्धिः' पद में लिङ्ग है?

(A) स्त्रीलिङ्ग (B) नपुंसकलिङ्ग

(C) उभयलिङ्ग (D) पुँल्लिङ्ग

23. निष्ठासंज्ञक प्रत्यय कौन हैं?

(A) शतृ + शानच् (B) क्त - क्तवतु

(C) ण्वुल् + तृच् (D) तव्यत् - अनीयर्

24. 'करुणरस' का स्थायीभाव है?

(A) हास (B) शोक

(C) उत्साह (D) रौद्र

25. अव्ययीभावसमास किस लिङ्ग में होता है?

(A) नित्यपुँल्लिङ्ग (B) नित्यस्त्रीलिङ्ग

(C) नित्यनपुंसकलिङ्ग (D) उपर्युक्त सभी

26. भाषाकौशल के प्रकार हैं?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

27. नाटक को किसके अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है?

(A) श्रव्य साधन (B) दृश्य साधन

(C) दृश्य - श्रव्य साधन (D) उपर्युक्त सभी

28. शब्दावली को वर्गीकृत करके सरल संस्कृतभाषा का रूप प्रस्तुत किया-

(A) भण्डारकर (B) हरबर्ट

(C) दोनों (D) दोनो में से कोई नहीं

29. इवान पावलाव ने रिसर्च किया-

(A) बिल्ली (B) कुत्ता

(C) छिपकली (D) उपर्युक्त सभी

30. व्याकरण शिक्षण का उद्देश्य है?

(A) शब्दों के विभिन्न रूपों का ज्ञान प्रदान करना

(B) छात्रों की तर्कशक्ति एवं रचनात्मक वृत्ति का विकास करना

(C) शुद्ध वाक्य रचना की योग्यता को प्रदान करना

(D) उपर्युक्त सभी

उत्तरमाला

1.C 2.D 3.B 4.C 5.A 6.A 7.B 8.C 9.A 10.B 11.C 12.C 13.D 14.D 15.A 16.C 17.A 18.C 19.B 20.D 21.C 22.D 23.B 24.B 25.C 26.C 27.C 28.A 29.B 30.D

UP-TET (संस्कृत) ''विजयी भव'' नोट्स हेतु ज्ञानगंगा कोचिंग, बन्दरोड, इलाहाबाद में प्राप्त कर सकते हैं। मो. 7652075714

03 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. बाह्य प्रयत्न के कितने भेद हैं?

(A) 5 (B) 4

(C) 7 (D) 11

2. 'ङ' का उच्चारणस्थान है-

(A) दन्त (B) कण्ठ

(C) नासिका (D) कण्ठ + नासिका

3. 'एच्' प्रत्याहार में वर्ण होते हैं-

(A) ए ओ ऐ औ (B) ए ओ ऐ औ ह य व र

(C) ए औ (D) ए ओ ङ् ऐ औ च्

4. 'दिगम्बरः' का सन्धि-विच्छेद है?

(A) दिग + अम्बरः (B) दिक् + अम्बरः

(C) दिक + अम्बरः (D) दिग् + अम्बरः

5. 'रामलक्ष्मणौ' पद में समास है?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष

(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

6. कौन सी धातु 16 द्विकर्मक धातुओं के अन्तर्गत नहीं आती?

(A) जि (B) मथ्

(C) कृ (D) कृष्

7. 'हरये क्रुध्यति' पद में किस सूत्र से चतुर्थी विभक्ति हुई है?

(A) भीत्रार्थानां भयहेतुः

(B) हेतौ

(C) अकथितं च

(D) क्रुधद्रुहेर्ष्याऽसूयार्थानां यं प्रति कोपः

8. 'गुरवे' किस विभक्ति एवं वचन का रूप है?

(A) द्वितीया विभक्ति एकवचन

(B) चतुर्थी विभक्ति एकवचन

(C) षष्ठी विभक्ति एकवचन

(D) सप्तमी विभक्ति एकवचन

9. लृट्लकार सम्बन्धित है-

(A) वर्तमानकाल से (B) भविष्यत्काल से

(C) आज्ञार्थक से (D) भूतकाल से

10. 'पृच्छेव' किस पुरुष व वचन का रूप है?

(A) प्रथम पुरुष, एकवचन

(B) मध्यमपुरुष, एकवचन

(C) उत्तमपुरुष, बहुवचन

(D) उत्तमपुरुष, द्विवचन

(प्रश्न 11 से 15 तक के सभी उत्तर अपठित पद्यांश के आधार पर दीजिये)-

''प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः
प्रारभ्य विघ्ननिहता विरमन्ति मध्याः
विघ्नैर्मुहुर्मुहुरपि प्रतिहन्यमानाः
प्रारब्धमुत्तमजनाः न परित्यजन्ति''

11. उपर्युक्त श्लोक किस ग्रन्थ से उद्धृत है?

(A) सुभाषितग्रन्थरत्नाकर से

(B) नीतिशतकम् से

(C) पञ्चतन्त्र से

(D) विदुरनीति से

12. विघ्न के भय से किस तरह के प्राणी कार्य को आरम्भ नहीं करते?

(A) मध्यमकोटि के (B) अधमकोटि के

(C) उत्तमकोटि के (D) अधमाधम कोटि के

13. श्रेष्ठ पुरुष विघ्नों के बार-बार आने पर भी क्या करते हैं?

(A) कार्य को अधूरा छोड़ देते हैं।

(B) कार्य को प्रारम्भ ही नहीं करते हैं।

(C) कार्य को पूरा करते हैं।

(D) उपर्युक्त में से कुछ नही करते हैं।

14. उपर्युक्त श्लोक का शीर्षक क्या हो सकता है?

(A) दयालुता (B) कर्मशीलता

(C) परोपकार (D) शौर्य

15. इस श्लोक में कितने कोटि के मनुष्य बताये गये हैं?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

16. लघुसिद्धान्तकौमुदी के रचनाकार हैं?

(A) भट्टोजिदीक्षित (B) वरदराजाचार्य

(C) कात्यायन (D) पतञ्जलि

17. 'पठ्' धातु में 'शतृ' प्रत्यय लगाने पर रूप बनेगा-

(A) पठितः (B) पठन्

(C) पठित्वा (D) पठिता

18. 'त्वया पत्रं लिख्यते' कर्मवाच्य को कर्तृवाच्य में परिवर्तित कीजिये-

(A) त्वं पत्रं लिखति (B) त्वया पत्रं लिखसि

(C) त्वं पत्राणि लिखसि (D) त्वं पत्रं लिखसि

19. 'मेरे साथ मेरा मित्र विद्यालय जाता है।' इसका अनुवाद होगा-

(A) मया सह मम मित्रः विद्यालयं गच्छति

(B) मया सह मम मित्रं विद्यालयं गच्छति

(C) मया सह मां मित्रं विद्यालयं गच्छति

(D) मह्यम् सह मम मित्रः विद्यालयं गच्छति

20. 'सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते' - यह सूक्ति कहाँ से उद्धृत है?

(A) महाभारत से (B) रामायण से

(C) गीता से (D) पुराण से

21. कोयल, कबूतर, चिड़ियाँ को क्रमशः संस्कृत में कहते हैं-

(A) परभृतः, पारावतः, चञ्चुः

(B) पारावतः, परभृतः, चटका

(C) परभृतः, पारावतः, चटका

(D) चटका, परभृतः, पारावतः

22. संस्कृत में लकार कितने हैं?

(A) 8 (B) 9

(C) 10 (D) 11

23. 'सरस्वती' का पर्यायवाची शब्द है?

(A) ब्राह्मी (B) गीः

(C) विधात्री (D) उपर्युक्त सभी

24. 10,000 संख्या को संस्कृत में कहते हैं-

(A) प्रयुतम् (B) अयुतम्

(C) नियुतम् (D) सहस्रम्

25. रामायण का अपर नाम है-

(A) चतुर्विंशतिसाहस्री संहिता

(B) शतसाहस्री संहिता

(C) षड्त्रिंशत्साहस्री संहिता

(D) पञ्चमवेद

26. यम – नचिकेता का संवाद प्राप्त होता है?

(A) ईशोपनिषद् में (B) कठोपनिषद् में

(C) तैत्तिरीयोपनिषद् में (D) केनोपनिषद् में

27. भाषाकौशल का सही क्रम है?

(A) भाषणकौशल, श्रवणकौशल, लेखनकौशल, पठनकौशल

(B) श्रवणकौशल, भाषणकौशल, पठनकौशल, लेखनकौशल

(C) श्रवणकौशल, भाषणकौशल, लेखनकौशल, पठनकौशल

(D) श्रवणकौशल, लेखनकौशल, पठनकौशल, भाषणकौशल

28. दृश्य साधन के अन्तर्गत नहीं आता है?

(A) रेडियो (B) रेखाचित्र

(C) मानचित्र (D) प्रदर्शनी

29. निगमन विधि के सोपान का सही क्रम है?

(A) नियम, स्पष्टीकरण, प्रयोगप्रदर्शन, पुनःपरीक्षण

(B) स्पष्टीकरण, पुनःपरीक्षण, प्रयोग प्रदर्शन, नियम

(C) नियम, स्पष्टीकरण, पुनःप्रदर्शन, पुनः परीक्षण

(D) नियम, प्रयोग प्रदर्शन, स्पष्टीकरण, पुनः प्रदर्शन

30. थार्नडाइक का अधिगम सिद्धान्त है?

(A) उद्दीपक अनुक्रिया सिद्धान्त

(B) सम्बद्ध प्रतिक्रिया सिद्धान्त

(C) पुनर्बलन का सिद्धान्त

(D) सक्रिय अनुबन्ध सिद्धान्त

उत्तरमाला

1.D 2.D 3.A 4.B 5.D 6.C 7.D 8.B 9.B 10.D 11.B 12.B 13.C 14.B 15.B 16.B 17.B 18.D 19.B 20.C 21.C 22.C 23.D 24.B 25.A 26.B 27.B 28.A 29.A 30.A

04 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. सिद्धान्तकौमुदी के रचनाकार हैं?
(A) वरदराज (B) भट्टोजिदीक्षित
(C) पाणिनि (D) कात्यायन

2. झश् प्रत्याहार के अन्तर्गत आने वाले वर्ण हैं-
(A) झ, भ, घ, ढ, ध
(B) झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द
(C) झ, भ, घ, ढ, ध
(D) झ, भ, घ, ढ, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ

3. कण्ठ से किन वर्णों का उच्चारण होता है?
(A) अ, ह, क (B) इ, च, छ, ज
(C) ट, ठ, ऋ (D) ऌ, त, थ, द

4. ऊष्म वर्ण कौन-कौन से हैं-
(A) क से न तक
(B) क से म तक
(C) शल् प्रत्याहार के वर्ण
(D) यण् प्रत्याहार के वर्ण

5. 'स्वागतम्' में सन्धि है?
(A) दीर्घ (B) यण्
(C) गुण (D) वृद्धि

6. 'इको यणचि' सूत्र है?
(A) गुणसन्धि का (B) यण्सन्धि का
(C) वृद्धिसन्धि का (D) दीर्घसन्धि का

7. 'उत्तरपदप्रधानः' समास कौन है?
(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

8. 'पञ्चपात्रम्' में समास है-
(A) द्वन्द्व (B) अव्ययीभाव
(C) कर्मधारय (D) द्विगु

9. दृश् धातु में तुमुन् प्रत्यय का योग करने पर बनता है-
(A) दर्शितुम् (B) पश्यतुम्
(C) द्रष्टुम् (D) दृष्टम्

10. 'ददति' रूप 'दा' धातु के किस लकार, पुरुष एवं वचन में होता है?
(A) लोट्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन
(B) लट्लकार, मध्यमपुरुष, एकवचन
(C) लट्लकार, प्रथमपुरुष, बहुवचन
(D) ऌट्लकार, प्रथमपुरुष, बहुवचन

11. 'पितरि' किस विभक्ति एवं वचन का रूप है?
(A) प्रथमा विभक्ति, बहुवचन
(B) तृतीया विभक्ति, एकवचन
(C) पञ्चमी विभक्ति, एकवचन
(D) सप्तमी विभक्ति, एकवचन

12. 'रमा' शब्द का चतुर्थी विभक्ति एकवचन का रूप है?
(A) रमाम् (B) रमया
(C) रमायै (D) रमायाः

13. 'मह्यं मोदकं रोचते' इस वाक्य में 'मह्यं' पद में चतुर्थी किस सूत्र से हुई है?
(A) सम्बोधने च (B) स्पृहेरीप्सितः
(C) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः (D) हेतौ

14. 'सः दुग्धं पिबति' इसका कर्मवाच्य होगा-
(A) तेन दुग्धः पीयते (B) तेन दुग्धं पीयते
(C) तया दुग्धं पीयते (D) ते दुग्धः पीयते

15. उपमा प्रयोग के लिए कौन सर्वाधिक प्रसिद्ध हैं?
(A) भारवि (B) श्रीहर्ष
(C) कालिदास (D) दण्डी

16. दिलीप की पत्नी का क्या नाम था?
(A) मालती (B) वसुमती
(C) सुदक्षिणा (D) दमयन्ती

17. 'गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति' यह कथन किसका है-
(A) प्रियंवदा का (B) अनसूया का
(C) गौतमी का (D) कण्व का

अनुशासनम् अध्ययनस्य प्रयागः संस्कृतगंगा

18. 'उनचास' को कहते हैं-

(A) एकोनपञ्चाशत् (B) ऊनपञ्चाशत्

(C) नवचत्वारिंशत् (D) उपर्युक्त सभी

19. 'श्वः अहं विद्यालयं गमिष्यामि' इस वाक्य में अव्यय पद है-

(A) अहम् (B) श्वः

(C) विद्यालयम् (D) कोई नही

20. उपसर्ग का प्रयोग कहाँ होता है?

(A) धातुओं के बाद (B) धातुओं के पूर्व

(C) धातुओं के मध्य (D) धातु और प्रत्यय के मध्य

21. 'किल' अव्यय पद का अर्थ है?

(A) नीचे (B) इसलिए

(C) अवश्य ही (D) यहाँ से

22. गन्धर्वराजपुत्री का आसीत्?

(A) तरलिका (B) मदलेखा

(C) पत्रलेखा (D) कादम्बरी

23. बृहत्त्रयी के अन्तर्गत कौन नहीं सम्मिलित है?

(A) किरातार्जुनीयम् (B) नैषधीयचरितम्

(C) रघुवंशम् (D) शिशुपालवधम्

24. वेदाङ्गों की संख्या है-

(A) पाँच (B) चत्वारि

(C) षट् (D) सप्त

25. 'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' यह किसका लक्षण है-

(A) जगन्नाथ (B) भोज

(C) मम्मट (D) विश्वनाथ

26. दृश्य साधन के अन्तर्गत आता है?

(A) श्यामपट्ट (B) ग्रामोफोन

(C) ध्वनिपञ्चिका (D) रेडियो

27. शिक्षा का अर्थ है?

(A) जीवनपर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया

(B) मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक सीखता है

(C) मनुष्य को मनुष्य बनाने में सहायक होती है

(D) उपर्युक्त सभी

28. पठन शिक्षण की सर्वोत्तम विधि है?

(A) वर्णमालाविधि (B) शब्दशिक्षणविधि

(C) वाक्शिक्षणविधि (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

29. सर्वप्रथम किस भाषा में ध्वनि का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया है?

(A) फ्रेंन्च भाषा में (B) संस्कृत भाषा में

(C) अरबी भाषा में (D) ग्रीक भाषा में

30. संस्कृतशिक्षण के स्तर होते हैं?

(A) प्रारम्भिक स्तर (B) मध्यस्तर

(C) उच्चस्तर (D) उपर्युक्त सभी

उत्तरमाला

1.B 2.B 3.A 4.C 5.B 6.B 7.A 8.D 9.C 10.C 11.D 12.C 13.C 14.B 15.C 16.C 17.B 18.D 19.B 20.B 21.C 22.D 23.C 24.C 25.A 26.A 27.D 28.C 29.B 30.D

UP-TET और M.P. वर्ग 1-2 (संस्कृत) हेतु YouTube पर संस्कृतगंगा चैनल को देखें।

05 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. वार्तिककार कौन हैं?
(A) पाणिनि (B) कात्यायन
(C) पतञ्जलि (D) वरदराज

2. 'ऊष्म व्यञ्जन' के अन्तर्गत वर्ण आते हैं?
(A) य् व् र् ल् (B) श् ष् स् र्
(C) श् ष् स् ह् (D) अ इ उ ण्

3. पाणिनि के अनुसार प्रत्याहारों की संख्या है?
(A) 41 (B) 42
(C) 40 (D) 44

4. इक् प्रत्याहार के अन्तर्गत वर्ण हैं?
(A) इ, उ, ण, ल् (B) अ, इ, उ, ण
(C) इ, उ, ऋ, ल् (D) इ, उ, ऋ, क्

5. च् वर्ण का उच्चारणस्थान है?
(A) दन्त (B) कण्ठ
(C) मूर्धा (D) तालु

6. 'नायकः' इस पद का सन्धि-विच्छेद है-
(A) ने + अकः (B) ना + यकः
(C) नाय + कः (D) नै + अकः

7. सच्चित् में सन्धि है?
(A) जश्त्व (B) अनुस्वार
(C) ष्टुत्व (D) श्चुत्व

8. 'नमः शिवाय' इस वाक्य के 'शिवाय' पद में कौन सी विभक्ति है?
(A) तृतीया (B) चतुर्थी
(C) पञ्चमी (D) षष्ठी

9. कारक कितने होते हैं?
(A) नौ (B) छह
(C) सात (D) आठ

10. 'युधिष्ठिरः' में कौन सा समास है?
(A) अलुक् तत्पुरुष
(B) नञ् तत्पुरुष
(C) प्रादि तत्पुरुष
(D) उपपद तत्पुरुष

11. जिसमें अन्यपद की प्रधानता होती है वह समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

12. 'धेनु' शब्द का चतुर्थी एकवचन में क्या रूप होता है?
(A) धेनवः (B) धेनुना
(C) धेनवे (D) धेनोः

13. रामस्य पद 'राम' शब्द के किस विभक्ति वचन का रूप है?
(A) तृतीया विभक्ति, एकवचन
(B) पञ्चमी विभक्ति, द्विवचन
(C) षष्ठी विभक्ति, एकवचन
(D) सप्तमी विभक्ति, द्विवचन

14. 'स्था' धातु का लोट्लकार मध्यमपुरुष द्विवचन में रूप होता है-
(A) तिष्ठाम् (B) तिष्ठतम्
(C) तिष्ठाव (D) तिष्ठेतम्

15. 'गच्छेयम्' गम् धातु का रूप होता है-
(A) लट्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन
(B) लोट्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन
(C) विधिलिङ्लकार, उत्तमपुरुष, एकवचन
(D) लङ्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन

16. 'त्यक्त्वा' शब्द में प्रयुक्त प्रकृति एवं प्रत्यय है?
(A) त्यज् + क्त (B) त्यज् + क्त्वा
(C) त्यज् + तुमुन् (D) त्यज् + ल्यप्

17. 'बालिका गीतं गायति' का कर्मवाच्य पद होगा-

(A) बालिकया गीतः गीयते

(B) बालिकेन गीतः गायते

(C) बालिकया गीतं गीयते

(D) बालिकया गीतं गायते

18. 'सीता रामेण सह वनं गच्छति' इस वाक्य में अव्यय पद कौन सा है?

(A) सीता (B) रामेण

(C) सह (D) वनम्

19. उपसर्ग का अन्य नाम है?

(A) सर्वनाम (B) संज्ञा

(C) उपपद (D) प्रादि एवं गति

20. 'मैं पुस्तक लिखता हूँ।' इसका शुद्ध अनुवाद होगा-

(A) अहं पुस्तक लिखति

(B) अहं पुस्तकं लिखसि

(C) अहं च पुस्तकानि लिखावः

(D) अहं पुस्तकं लिखामि

21. संस्कृत में पुरुष कितने होते हैं?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

22. '86' को संस्कृत में कहेंगे-

(A) षड्शीतिः (B) षट्शीतिः

(C) षटशीतिः (D) षडशीतिः

23. कादम्बरी कथा की नायिका है?

(A) महाश्वेता (B) पत्रलेखा

(C) मदलेखा (D) कादम्बरी

24. रघुवंशम् में सिंह का क्या नाम था?

(A) लम्बोदरः (B) कुम्भोदरः

(C) कुम्भकर्णः (D) कुम्भउदरः

25. 'पुरस्कृता वर्त्मनि पार्थिवेन' यह सूक्ति कहाँ से उद्धृत है?

(A) कादम्बरी (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(C) रघुवंशम् (D) कुमारसम्भवम्

26. ईशावास्योपनिषद् किस वेद का उपनिषद् है?

(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद

(C) सामवेद (D) अथर्ववेद

27. भण्डारकर विधि में निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता है?

(A) विश्लेषण

(B) संस्कृत को वार्तालाप द्वारा पढ़ना

(C) अनुवाद और व्याकरण के माध्यम से पढ़ाना

(D) शब्दावली के प्राचीन रूप को ग्रहण करना

28. निम्नलिखित में से कौन सा वाणी का भेद नहीं है-

(A) परा (B) पश्यन्ती

(C) वैखरी (D) उत्तमा

29. भाषा शिक्षण की दृष्टि से कौन सी अवस्था अधिक प्रभावी है?

(A) किशोरावस्था (B) प्रौढ़ावस्था

(C) वृद्धावस्था (D) शैशवावस्था

30. भारत में देवभाषा किसे कहा गया है?

(A) संस्कृत (B) प्राकृत

(C) पाली (D) अपभ्रंश

उत्तरमाला

1.B 2.C 3.B 4.C 5.D 6.D 7.D 8.B 9.B 10.A 11.C 12.C 13.C 14.B 15.C 16.B 17.C 18.C 19.D 20.D 21.B 22.D 23.D 24.B 25.C 26.B 27.C 28.D 29.D 30.A

06 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. महाभाष्यकार कौन हैं?

(A) पाणिनि (B) कात्यायन

(C) पतञ्जलि (D) भट्टोजिदीक्षित

2. लृट्लकार का प्रयोग होता है?

(A) वर्तमानकाल (B) भविष्यकाल

(C) भूतकाल (D) आज्ञार्थक

3. चर् प्रत्याहार के अन्तर्गत वर्ण नहीं आता है?

(A) ट् (B) ष्

(C) क् (D) ह्

4. 'ए' का उच्चारणस्थान लिखिये-

(A) कण्ठतालु (B) कण्ठोष्ठ

(C) दन्तोष्ठ (D) तालु

5. 'षण्णवतिः' संख्या है?

(A) 86 (B) 96

(C) 66 (D) 76

6. 'नदी' शब्द का पञ्चमी एकवचन रूप है-

(A) नद्यै (B) नद्या

(C) नद्याः (D) नद्याम्

7. नन्दिनी का आसीत्?

(A) महिषी (B) कामधेनोः पुत्री

(C) पशुः (D) देवी

8. 'कोऽन्योहुतवहाद् दग्धुं प्रभवति'-यह कथन किसका है?

(A) प्रियंवदा (B) अनसूया

(C) गौतमी (D) कण्व

9. 'लभ्' धातु में क्त्वा प्रत्यय का रूप होगा-

(A) लभित्वा (B) लब्ध्वा

(C) लभित्वा (D) लभब्ध्वा

10. भू धातु लोट्लकार, मध्यमपुरुष, बहुवचन का रूप है?

(A) भवत (B) भवथ

(C) भवतः (D) भवता

11. 'पास्यामि' में 'पा' धातु के किस लकार, पुरुष और वचन का रूप होता है?

(A) लट्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन में

(B) लट्लकार, उत्तमपुरुष, एकवचन में

(C) लृट्लकार, उत्तमपुरुष, एकवचन में

(D) लोट्लकार, उत्तमपुरुष, एकवचन में

12. गद्यत्रयी के अन्तर्गत कौन से कवि आते हैं?

(A) बाणभट्ट, सुबन्धु, अम्बिकादत्तव्यास

(B) बाणभट्ट, सुबन्धु, दण्डी

(C) दण्डी, सुबन्धु, गुणाढ्य

(D) बाणभट्ट, दण्डी, हर्ष

13. 'अहं ह्यः विद्यालयं गतवान्' इस वाक्य में अव्यय पद होगा-

(A) अहम् (B) गमिष्यामि

(C) विद्यालयम् (D) ह्यः

14. 'चौरात् बिभेति' में 'चौरात्' पद में कौन-सी विभक्ति है?

(A) सप्तमी (B) चतुर्थी

(C) पञ्चमी (D) तृतीया

15. करणकारक में कौन सी विभक्ति होती है?

(A) द्वितीया (B) चतुर्थी

(C) पञ्चमी (D) तृतीया

16. 'पीतम् अम्बरं यस्य सः' यह समास होगा?

(A) पीताम्बरम् (B) पीताम्बरः

(C) पीलाम्बरः (D) पीलावस्त्रः

अनुशासनम् अध्ययनम् प्रयागः संस्कृतगंगा

17. 'हरित्रातः' में कौन सा तत्पुरुष समास है?

(A) द्वितीया तत्पुरुष समास

(B) तृतीया तत्पुरुष समास

(C) चतुर्थी तत्पुरुष समास

(D) पञ्चमी तत्पुरुष समास

18. 'धातृ + अंशः' सन्धि होने पर बनेगा–

(A) धात्रृंशः (B) धातृंशः

(C) धात्रशः (D) धात्रंशः

19. 'पवित्रम्' पद का सन्धि-विच्छेद होगा-

(A) पौ + इत्रम् (B) पो + इत्रम्

(C) पू + एत्रम् (D) पु + इत्रम्

20. 'गंगा नदी सभी नदियों में प्रसिद्ध और पवित्र मानी जाती हैं।' इसका अनुवाद होगा–

(A) गङ्गानद्यः सर्वासु नदीषु प्रसिद्धः पवित्रः च मन्यते।

(B) गङ्गानदी सर्वासु नदीषु प्रसिद्धः पवित्रा च मन्यते।

(C) गङ्गानदी सर्वासु नदीषु प्रसिद्धा पवित्रा च मन्यते।

(D) गङ्गानदी सर्वासु नद्यः प्रसिद्धः पवित्रः च मन्यते

21. निम्नलिखित में से भिन्न पद को चुनिये-

(A) स्कन्धः (B) चक्षुः

(C) कपोलः (D) काकः

22. 'विद्वान्' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) सुधी (B) कोविदः

(C) धीमान् (D) श्रीमान्

23. सत्संज्ञक प्रत्यय है-

(A) शतृ-शानच् (B) क्त्वा-ल्यप्

(C) तव्यत् अनीयर् (D) क्त-क्तवतु

24. 'टि' संज्ञा करने वाला सूत्र है-

(A) अलोऽन्त्यात्पूर्व .... (B) अचोऽन्त्यादि ....

(C) अर्थवदधातुरप्रत्ययः .... (D) अदर्शनं ....

25. रघुवंश कैसा ग्रन्थ है?

(A) नाटक (B) महाकाव्य

(C) गीतिकाव्य (D) गद्यकाव्य

26. अशुद्ध विलोमयुग्म को चुनिये-

(A) अल्पज्ञः - बहुज्ञः

(B) असीमः - ससीमः

(C) अमावस्या - पूर्णिमा

(D) गृहीतः - स्वीकृतः

27. मौनपठन में क्या दोष है?

(A) शक्ति कम लगती है।

(B) समय कम लगता है।

(C) उच्चारण पर कम ध्यान रहता है।

(D) भावग्रहण करने में सहायता करता है।

28. निम्नलिखित में से कौन सा मौखिक रचना में नहीं आता-

(A) कहानी कथन (B) प्रश्नोत्तर

(C) अभिनय (D) पत्र-लेखन

29. चित्रों पर प्रश्न करना किस स्तर पर रचना कार्य में उपयुक्त रहेगा-

(A) पूर्वप्रारम्भिक (B) प्रारम्भिक

(C) माध्यमिक (D) उच्च

30. व्याकरण पद्धति को निम्नलिखित में से और किस नाम से जाना जाता है-

(A) पाणिनि पद्धति (B) पाठशाला पद्धति

(C) हरबार्टीय पद्धति (D) सामान्यीकरण

उत्तरमाला

1.C 2.B 3.D 4.A 5.B 6.C 7.B 8.B 9.B 10.A 11.C 12.B 13.D 14.C 15.D 16.B 17.B 18.D 19.B 20.C 21.D 22.D 23.A 24.B 25.B 26.D 27.C 28.D 29.A 30.B

07 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. 'प्रगृह्यसंज्ञा' करने वाला सूत्र है-
(A) प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्
(B) ईदूदेद् द्विवचनं प्रगृह्यम्
(C) चादयोऽसत्त्वे
(D) आदिरन्त्येन सहेता

2. 'मया' पद किस विभक्ति एकवचन का रूप है?
(A) अस्मद्, तृतीया, एकवचन
(B) युष्मद्, तृतीया, एकवचन
(C) अस्मद्, द्वितीया, बहुवचन
(D) अस्मद्, चतुर्थी, एकवचन

3. 'सर्वस्य' रूप किस विभक्ति व वचन का रूप है?
(A) द्वितीया, विभक्ति बहुवचन
(B) षष्ठी, विभक्ति एकवचन
(C) पञ्चमी एकवचन
(D) प्रथमा द्विवचन

4. 'रमया' रूप है रमा शब्द का-
(A) तृतीया एकवचन (B) द्वितीया एकवचन
(C) चतुर्थी एकवचन (D) षष्ठी एकवचन

5. 'पुत्री' को संस्कृत में कहते हैं?
(A) तनया (B) सुता
(C) आत्मजा (D) उपर्युक्त सभी

6. 'विष्णु' का पर्यायवाची है?
(A) गरुडध्वजः (B) अच्युतः
(C) अधोक्षजः (D) उपर्युक्त सभी

7. निम्नलिखित में से अव्यय पद है?
(A) अलम् (B) अनारतम्
(C) अत्रैव (D) उपर्युक्त सभी

8. उपसर्ग कितने हैं?
(A) 20 (B) 22
(C) 23 (D) 24

9. आ + अ से योग होने पर क्या बनेगा?
(A) अ (B) आ
(C) इ (D) ई

10. 'मध्वरिः' का सन्धि-विच्छेद है?
(A) मधि + अरिः (B) मधु + रिः
(C) मधु + अरिः (D) मधु + वरिः

11. विशेषण और विशेष्य का समास है?
(A) द्विगु समास (B) कर्मधारय समास
(C) द्वन्द्व समास (D) तत्पुरुष समास

12. 'यूपदारु' में कौन सा तत्पुरुष समास है?
(A) तृतीया तत्पुरुष (B) द्वितीया तत्पुरुष
(C) चतुर्थी तत्पुरुष (D) पञ्चमी तत्पुरुष

13. 'अण्' प्रत्याहार के अन्तर्गत वर्ण आते हैं?
(A) अ, न् (B) अ इ उ
(C) अ य् (D) मात्र अ वर्ण

14. ऋ एवं टवर्ग का उच्चारणस्थान है-
(A) तालु (B) मूर्धा
(C) नासिका (D) कण्ठ

15. चतुर्थी विभक्ति होती है-
(A) करणकारक में (B) सम्प्रदानकारक में
(C) कर्मकारक में (D) अपादानकारक में

16. 'पादेन खञ्जः' में तृतीया किस सूत्र से हुई है?
(A) येनाङ्गविकारः (B) जटाभिस्तापसः
(C) जनिकर्तुः प्रकृतिः (D) हेतौ

17. 'कृ + शानच्' प्रत्यय के योग से शब्द बनेगा-
(A) करवाणः (B) कुरवाणः
(C) कुर्वानः (D) कुर्वाणः

18. 'क्तिन्' प्रत्यय किस लिङ्ग में होता है?
(A) पुँल्लिङ्ग में (B) स्त्रीलिङ्ग में
(C) नपुंसकलिङ्ग में (D) तीनों लिङ्गों में

19. 'हर इव जितमन्मथः' यह किसके लिये प्रयोग हुआ है?

(A) चन्द्रापीड (B) वैशम्पायन

(C) शूद्रक (D) कामदेव

20. 'अस्ति' किस लकार का रूप है?

(A) लृट् (B) लट्

(C) लङ् (D) लोट्

21. 'अभवम्' रूप में पुरुष और वचन बताइए-

(A) मध्यम पुरुष एकवचन

(B) उत्तम पुरुष बहुवचन

(C) मध्यम पुरुष बहुवचन

(D) उत्तम पुरुष एकवचन

22. वाच्य कितने प्रकार के होते हैं?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

23. खण्डान्वयपद्धति का अपर नाम है?

(A) प्रश्नोत्तरविधि (B) समाहारविधि

(C) प्रत्यक्षविधि (D) निर्बाध विधि

24. श्रवणकौशल साधन के अन्तर्गत सम्मिलित है-

(A) टेपरिकॉर्डर (B) आकाशवाणी

(C) दूरवाणी (D) उपर्युक्त सभी

25. भाषा की सबसे छोटी इकाई है?

(A) ध्वनि (B) शब्द

(C) पद्य (D) वाक्य

26. पारायण पद्धति का तात्पर्य है-

(A) मौन पठन

(B) सस्वर पठन

(C) कई बार आवृत्ति करना

(D) अर्थग्रहण करना

27. संस्कृत के एकोनत्रिंशत् को कहते हैं?

(A) 19 (B) 29

(C) 39 (D) 49

28. 'दाराः' शब्द किस लिङ्ग और किस वचन में प्रयोग होता है?

(A) पुँल्लिङ्ग बहुवचन में (B) पुँल्लिङ्ग एकवचन में

(C) स्त्रीलिङ्ग एकवचन में (D) स्त्रीलिङ्ग बहुवचन में

29. छन्दशास्त्र के प्रणेता हैं?

(A) लगधाचार्य (B) पिङ्गल

(C) केदारभट्ट (D) वराहमिहिर

30. 'प्रस्थानत्रयी' के अन्तर्गत नहीं आता है?

(A) ब्रह्मसूत्र (B) उपनिषद्

(C) गीता (D) पुराण

उत्तरमाला

1.B 2.A 3.B 4.A 5.D 6.D 7.D 8.B 9.B 10.C 11.B 12.C 13.B 14.B 15.B 16.A 17.D 18.B 19.C 20.B 21.D 22.B 23.A 24.D 25.A 26.C 27.B 28.A 29.B 30.D

UP-TET और M.P. वर्ग 1-2 (संस्कृत) हेतु YouTube पर संस्कृतगंगा चैनल को देखें।

08 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. रामायण में कितने काण्ड हैं?

(A) पञ्च (B) सप्त

(C) अष्ट (D) नव

अपठित पद्यांश से प्रश्नों (2 से 6) के उत्तर दीजिये-

स त्वं निवर्तस्व विहाय लज्जां गुरोर्भवान्दर्शितशिष्यभक्तिः।
शस्त्रेण रक्ष्यं यदशक्यरक्ष्यं न तद्यशः शस्त्रभृतां क्षिणोति।।

2. उपर्युक्त यह श्लोक किस महाकाव्य से उद्धृत है?

(A) कुमारसम्भवम् से (B) किरातार्जुनीयम् से

(C) रघुवंशम् से (D) शिशुपालवधम् से

3. इस श्लोक में किसका संवाद है?

(A) राजा - प्रजा का

(B) सिंह - दिलीप का

(C) दिलीप - सुदक्षिणा का

(D) दिलीप - धेनु का

4. 'गुरोर्भवान्दर्शितशिष्यभक्तिः'-इसमें 'भवान्' पद से किसका बोध हो रहा है?

(A) सिंह का (B) राजा दिलीप का

(C) वशिष्ठ का (D) कामदेव का

5. जो रक्षणीय वस्तु शस्त्र के द्वारा रक्षित नहीं हो सकती वह शस्त्रधारियों के किस वस्तु को क्षीण नहीं करती?

(A) फल को (B) यश को

(C) ज्ञान को (D) कर्म को

6. 'निवर्तस्व' पद में लकार एवं वचन है?

(A) लट्लकार म. पु. एकवचन

(B) लृट्लकार प्र. पु. एकवचन

(C) लोट्लकार म. पु. एकवचन

(D) लङ्लकार म. पु. एकवचन

7. 'विसर्ग' का उच्चारण स्थान है?

(A) तालु (B) कण्ठ

(C) मूर्धा (D) दन्त

8. 'प्रत्याहार' विधायक सूत्र है?

(A) अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः

(B) हलोऽनन्तरा संयोगः

(C) आदिरन्त्येन सहेता

(D) उपदेशेऽजनुनासिक इत्

9. स्वरों के उच्चारण में कौन सा प्रयत्न होता है?

(A) स्पृष्ट (B) ईषत् विवृत

(C) ईषत्स्पृष्ट (D) विवृत

10. 'शे + अनम्' का सन्धि रूप होगा

(A) शेनम् (B) शयनम्

(C) शनम् (D) शायनम्

11. 'झल्' प्रत्याहार के बाद 'झश्' वर्णों के आने पर क्या आदेश होता है?

(A) हश् (B) अक्

(C) खश् (D) जश्

12. 'त्रिभुवनम्' का समास विग्रह होगा-

(A) त्रयाणां भुवनानां समाहारः

(B) तिसृणां भुवनानां समाहारः

(C) त्रयाणां भुवनानां यस्य सः

(D) त्रिभिः भुवनं समाहारः

13. 'अष्टाध्यायी' में समास है?

(A) बहुव्रीहि (B) द्विगु

(C) कर्मधारय (D) तत्पुरुष

14. निम्नलिखित में से द्विकर्मक धातु नहीं है?

(A) जि (B) रुध्

(C) ब्रू (D) गम्

15. 'जिससे नियमपूर्वक विद्या पढ़ी जाय' उसमें कौन सी विभक्ति प्रयोग होती है?

(A) चतुर्थी (B) पञ्चमी

(C) सप्तमी (D) द्वितीया

16. कर्मवाच्य में कर्ता की विभक्ति होनी चाहिये-

(A) द्वितीया (B) प्रथमा

(C) तृतीया (D) षष्ठी

17. 'रामः वेदं पठति' कर्तृवाच्य को कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिये-

(A) रामेण वेदः पठ्यते (B) रामैः वेदं पठ्यते

(C) रामेण वेदं पठ्यते (D) रामाः वेदः पठतम्

18. 'प्रणम्य' में धातु एवं प्रत्यय है?

(A) प्र + नम् + क्त्वा (B) प्र + नम् + ल्यप्

(C) प्र + णम् + ल्युट् (D) प्र + नम् + क्त

19. 'मातरि' किस विभक्ति एवं वचन का रूप है?

(A) प्रथमा विभक्ति, बहुवचन

(B) द्वितीया विभक्ति, द्विवचन

(C) सप्तमी विभक्ति, एकवचन

(D) षष्ठी विभक्ति, एकवचन

20. लौकिक संस्कृत में किस लकार का प्रयोग नहीं मिलता है?

(A) लट् (B) लेट्

(C) लुङ् (D) लङ्

21. 'जानीहि' में लकार पुरुष एवं वचन बताइये?

(A) लट्लकार म. पु. एकवचन

(B) लोट्लकार म. पु. एकवचन

(C) लङ्लकार उ. पु. बहुवचन

(D) लृट्लकार प्र. पु. बहुवचन

22. 'ईश्वरः सर्वत्र अस्ति' इसमें अव्यय पद है?

(A) अस्ति (B) सर्वत्र

(C) ईश्वरः (D) उपर्युक्त सभी

23. 'पौण्ड्र' किसके शंख का नाम है?

(A) अर्जुन (B) कृष्ण

(C) भीम (D) युधिष्ठिर

24. 'पदलालित्यम्' किस कवि के लिये कहा गया है?

(A) भारवि (B) माघ

(C) कालिदास (D) दण्डी

25. 'दस लाख' को संस्कृत में कहते हैं?

(A) प्रयुतम् (B) नियुतम्

(C) अयुतम् (D) वियुतम्

26. निम्नलिखित में किस अर्थ वाली धातुयें अकर्मक होती है?

(A) क्रीडा (B) शयन

(C) जागरण (D) उपर्युक्त सभी

27. प्राचीनकाल के प्रधान शिक्षाग्रन्थों में किसकी गिनती नहीं थी?

(A) कौटिल्यशिक्षा (B) याज्ञवल्क्यशिक्षा

(C) पाणिनीयशिक्षा (D) भारद्वाजशिक्षा

28. निम्नलिखित में से कौन सा व्याख्यान का अंग है?

(A) भावग्रहण (B) प्रतिश्रवण

(C) सम्यक्बोध (D) वाक्याध्याहार

29. छात्रों मे समालोचनात्मक शक्ति का विकास गद्य-शिक्षण के किस स्तर पर होना चाहिए-

(A) पूर्व प्रारम्भिक स्तर (B) माध्यमिक स्तर

(C) प्रारम्भिक स्तर (D) उच्च स्तर

30. गद्यशिक्षण में निम्नलिखित में से किसका विशेष महत्त्व नहीं है?

(A) लययुक्त सस्वरवाचन का

(B) अनुकरण वाचन का

(C) विचार विश्लेषणात्मक प्रश्न का

(D) शब्दार्थ का

उत्तरमाला

1.B 2.C 3.B 4.B 5.B 6.C 7.B 8.C 9.D 10.B 11.D 12.A 13.B 14.D 15.B 16.C 17.A 18.B 19.C 20.B 21.B 22.B 23.C 24.D 25.A 26.D 27.A 28.D 29.D 30.A

09 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर (प्रश्न 1 से 5 तक) के प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

अकारणाविष्कृतवैरदारुणात् असज्जनात्कस्य भयं न जायते।
विषं महाहेरिव यस्य दुर्वचः सुदुःसहं सन्निहितं सदा मुखे।।

1. यह श्लोक किस कवि से सम्बन्धित है?
(A) कालिदास से (B) बाणभट्ट से
(C) भारवि से (D) दण्डी से

2. 'विषं महाहेरिव यस्य दुर्वचः' में 'महाहेः' पद का क्या अर्थ है?
(A) दुष्टजन (B) शत्रु
(C) महासर्प (D) सज्जन

3. उपर्युक्त श्लोक किसके विषय में कहा गया है?
(A) सज्जनों के (B) दुर्जनों के
(C) सर्पों के (D) विद्वानों के

4. उपर्युक्त श्लोक में किस छन्द का प्रयोग किया गया है?
(A) अनुष्टुप् (B) इन्द्रवज्रा
(C) वंशस्थ (D) उपेन्द्रवज्रा

5. अकारण वैर करने वाले कौन होते हैं?
(A) सज्जन पुरुष (B) स्वार्थीपुरुष
(C) असज्जन पुरुष (D) विषैले सर्प

6. 'ऋलृवर्णयोर्मिथः सावर्ण्यं वाच्यम्' से किसकी सवर्णता बतायी गयी है?
(A) ऋ, ए की (B) अ, ऋ की
(C) ऋ, ल् की (D) ऋ, ऌ की

7. इचुयशानां---रिक्तस्थान की पूर्ति करिये-
(A) मूर्धा (B) तालु
(C) कण्ठः (D) ओष्ठः

8. अन्तस्थ वर्णों का आभ्यन्तर प्रयत्न होता है?
(A) स्पृष्ट (B) ईषत्स्पृष्ट
(C) विवृत (D) संवृत

9. सन्धि कहाँ-कहाँ नित्य मानी जाती है?
(A) एकपद में (B) धातु उपसर्ग में
(C) समास में (D) उपर्युक्त सभी में

10. मनीषा का सन्धि-विच्छेद होगा-
(A) मनः + ईषा (B) मनस् + ईषा
(C) मनी + षा (D) मनः + इषा

11. प्रगृह्यसंज्ञक हैं?
(A) हरी (B) गङ्गे
(C) विष्णू (D) उपर्युक्त सभी

12. सम्बोधन में कौन सी विभक्ति का प्रयोग होता है?
(A) प्रथमा (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) षष्ठी

13. 'तिलेषु तैलम्' वाक्य में 'तिलेषु' पद में प्रयुक्त विभक्ति है?
(A) तृतीया (B) पञ्चमी
(C) सप्तमी (D) चतुर्थी

14. गङ्गा हिमालय से निकलती है?
(A) गङ्गा हिमालयात् निर्गच्छति।
(B) गङ्गायाः हिमालयात् निर्गच्छति
(C) गङ्गा हिमालयम् निर्गच्छति
(D) गङ्गा हिमालयस्य निर्गच्छति

15. शतृ प्रत्यय किस काल का बोधक है?
(A) वर्तमानकाल (B) भूतकाल
(C) भविष्यकाल (D) किसी का नहीं

16. 'अहं गच्छामि' का भाववाच्य में परिवर्तन होने पर बनेगा?
(A) मया गमयति (B) मया गम्यते
(C) मह्यं गमयामि (D) अहं गम्यते

17. 'पठनीयम्' पद में धातु और प्रत्यय है-
(A) पठ् + अनीयर् (B) पठ् + तुमुन्
(C) पठ् + शतृ (D) पठ् + ल्यप्

18. चटका में स्त्री प्रत्यय है?

(A) चाप् (B) डाप्

(C) टाप् (D) कोई नही

19. 'स्था' धातु के लट्लकार उत्तमपुरुष, एकवचन का रूप है–

(A) स्थाति (B) स्थानि

(C) स्थामि (D) तिष्ठामि

20. 'रमायाम्' रमा प्रातिपदिक के किस विभक्ति एवं वचन का रूप है?

(A) द्वितीया एकवचन (B) चतुर्थी एकवचन

(C) षष्ठी बहुवचन (D) सप्तमी एकवचन

21. 'सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः' यह किस अलङ्कार का लक्षण है?

(A) अनुप्रास (B) यमक

(C) श्लेष (D) उपमा

22. '101' संख्या को संस्कृत में क्या कहेगें?

(A) द्वयाधिकशतम् (B) एकाधिकः शतम्

(C) एकाधिकशतम् (D) एकशतं एकम्

23. त्रिवर्ग के अन्तर्गत आते हैं?

(A) धर्म, अर्थ, मोक्ष (B) धर्म, मोक्ष, काम

(C) धर्म, अर्थ, काम (D) अर्थ, धर्म, मोक्ष

24. 'द्विरेफः' पद का अर्थ है?

(A) सारङ्ग (B) मृग

(C) बगुला (D) भौंरा

25. भिन्न अव्यय पद चुनिये–

(A) इदानीम् (B) सम्प्रति

(C) अधुना (D) कदा

26. संस्कृत के गद्य एवं पद्यखण्ड का शुद्ध उच्चारण सहित पढ़ने का सिद्धान्त है?

(A) अभ्यास का सिद्धान्त

(B) प्रयत्न का सिद्धान्त

(C) रुचि का सिद्धान्त

(D) स्वाभाविकता का सिद्धान्त

27. हरबार्टीय पञ्चपदी में निम्नलिखित में से कौन सा पद नहीं है?

(A) व्याख्यान (B) प्रस्तावना

(C) तुलना (D) सामान्यीकरण

28. आयोग द्वारा प्रस्तुत द्वितीय योजना में कौन सी भाषा नहीं है?

(A) मातृभाषा या क्षेत्रीयभाषा

(B) संस्कृत

(C) अंग्रेजी

(D) उर्दू

29. वेदमन्त्रों में शिक्षा का तात्पर्य है?

(A) पाठशाला में पढ़ने जाना

(B) विकास की प्रक्रिया

(C) ज्ञानोपार्जन का साधन

(D) ठीक से उच्चारण करने की विधा

30. संस्कृतभाषा में पत्र-लेखन का उपयोग किस स्तर पर होना चाहिए?

(A) प्रारम्भिक स्तर (B) मध्यस्तर

(C) उच्चस्तर (D) मध्य एवं उच्चस्तर

उत्तरमाला

1.B 2.C 3.B 4.C 5.C 6.D 7.B 8.B 9.D 10.B 11.D 12.A 13.C 14.A 15.A 16.B 17.A 18.C 19.D 20.D 21.B 22.C 23.C 24.D 25.D 26.A 27.A 28.D 29.D 30.C

10 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

केयूराणि न भूषयन्ति पुरुषं हारा न चन्द्रोज्ज्वलाः
न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं नालङ्कृता मूर्धजाः।
वाण्येका समलङ्करोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते,
क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम्।।

1. उपर्युक्त पद्य किस कवि से सम्बद्ध है?
(A) माघ (B) कालिदास
(C) भारवि (D) भर्तृहरि

2. उपर्युक्त श्लोक में किसकी विशेषता बतायी गयी है?
(A) आभूषण की (B) पुरुष की
(C) कुसुम की (D) वाणी की

3. कौन सा आभूषण कभी नष्ट नहीं होता?
(A) बाजूबन्द (B) सुसंस्कृतवाणी
(C) पुष्पहार (D) मणिहार

4. उपर्युक्त श्लोक में छन्द है?
(A) शिखरिणी (B) शार्दूलविक्रीडितम्
(C) स्रग्धरा (D) मन्दाक्रान्ता

5. 'संस्कृता' में धातु प्रत्यय बताइये-
(A) सम् + √कृ + क्त + टाप्
(B) सम् + √कृ + टाप्
(C) सम् + √कृ + ल्यप् + टाप्
(D) सम् + √कृ + यत् + टाप्

6. निम्नलिखित में से बाह्य प्रयत्न के अन्तर्गत नहीं आता?
(A) संवार (B) नाद
(C) विवार (D) स्पृष्ट

7. खर् प्रत्याहार का बाह्य प्रयत्न है?
(A) संवार, नाद, घोष
(B) विवार, श्वास, अघोष
(C) उदात्त, अनुदात्त, स्वरित
(D) अल्पप्राण, महाप्राण

8. ऋकार के भेद हैं?
(A) 18 (B) 12
(C) 30 (D) 16

9. उपध्मानीय का उच्चारणस्थान है?
(A) तालु (B) जिह्वा
(C) मूर्धा (D) ओष्ठ

10. पररूप सन्धि का सूत्र है-
(A) अदेङ् गुणः (B) वृद्धिरादैच्
(C) इको यणचि (D) एङि पररूपम्

11. 'शार्ङ्गिञ्जयः' का सन्धि विच्छेद है?
(A) शार्ङ्गिञ् जयः (B) शार्ङ्गिन + जयः
(C) शार्ङ्गिन् + जयः (D) शार्ङ्गिग + जयः

12. 'द्रोणो व्रीहिः' किस सूत्र का उदाहरण है-
(A) प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा
(B) वचनमात्रे प्रथमा
(C) सम्बोधने च
(D) प्रातिपदिकार्थे प्रथमा

13. 'गर्गान् शतं दण्डयति' यह किस विभक्ति का उदाहरण है?
(A) प्रथमा (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) चतुर्थी

14. 'अब्राह्मणः' में समास है?
(A) नञ् बहुव्रीहि (B) द्विगु
(C) नञ् तत्पुरुष (D) द्वन्द्व

15. 'लतायाम्' किस विभक्ति एवं वचन का रूप है?
(A) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन
(B) तृतीया विभक्ति, एकवचन
(C) पञ्चमी विभक्ति, एकवचन
(D) सप्तमी विभक्ति, एकवचन

16. 'अभवः' पद में लकार एवं वचन है?

(A) लट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन

(B) लोट्लकार प्रथमपुरुष द्विवचन

(C) लङ्लकार म.पु. एकवचन

(D) लङ्लकार म.पु. बहुवचन

17. 'विद्वदौषधम्' किस कवि के लिए प्रसिद्ध है?

(A) दण्डी (B) श्रीहर्ष

(C) माघ (D) भारवि

18. 'षट्षष्टिः' संख्या को हिन्दी में कहते हैं?

(A) 64 (B) 66

(C) 76 (D) 68

19. 'पठन्' में प्रकृति प्रत्यय है?

(A) पठ् + ल्युट् (B) पठ् + क्त्वा

(C) पठ् + शानच् (D) पठ् + शतृ

20. 'त्वं पत्रं पठसि' का वाच्यपरिवर्तन कीजिये-

(A) त्वया पत्रं पठ्यते (B) त्वत् पत्रं पठ्यते

(C) त्वया पत्रः पठ्यते (D) त्वया पत्रं पाठयति

21. शुद्ध वाक्य है-

(A) रमा संस्कृतं पठिष्यसि

(B) त्वं सदा सत्यं वदेयुः

(C) त्वं कुत्र निवसति

(D) अहं ग्रामम् अगच्छम्

22. 'मम ग्रामं परितः वृक्षाः सन्ति?' हिन्दी अनुवाद होगा

(A) मेरे गाँव के चारो ओर पेड़ हैं।

(B) मेरे गाँव में वृक्ष हैं।

(C) हमारे गाँव में पेड़ हैं।

(D) हमारे गाँव के दोनों ओर पेड़ पौधे हैं।

23. 'लूता' का हिन्दी अर्थ है–

(A) भौंरा (B) मछली

(C) मकड़ी (D) भालू

24. 'लघुत्रयी' के अन्तर्गत सम्मिलित है?

(A) रघुवंशम् (B) मेघदूतम्

(C) कुमारसम्भवम् (D) उपर्युक्त सभी

25. वररुचि किसे कहते हैं?

(A) पाणिनि को (B) कात्यायन को

(C) पतञ्जलि को (D) भट्टोजिदीक्षित को

26. माहेश्वरसूत्रों की प्राप्ति किसको हुई थी?

(A) पतञ्जलि को (B) पाणिनि को

(C) कात्यायन को (D) वरदराज को

27. सस्वर पाठन का उद्देश्य है?

(A) पठन की गति पर नियन्त्रण प्राप्त कर सकें

(B) बोधग्रहण की गति में वृद्धि करना

(C) पठन गति बढ़ाना एवं इसमें शीघ्रता लाना

(D) उपर्युक्त सभी

28. श्लोक के एक-एक पद का अर्थ करते जाना, किस प्रणाली का द्योतक है-

(A) व्याख्या प्रणाली (B) तुलना प्रणाली

(C) समीक्षाप्रणाली (D) गीत तथा नाट्य प्रणाली

29. गद्यशिक्षण में 'भगीरथ प्रयत्न' का अर्थ स्पष्ट करने के लिए आप क्या करेंगे-

(A) मानचित्र दिखायेंगे

(B) अन्तःकथा कहेंगे अर्थात् गंगावतरण की कथा सुनायेंगे

(C) तुलना करेंगे

(D) भगीरथ का चित्र बनायेंगे

30. सस्वर पठन क्यों आवश्यक है?

(A) शुद्ध उच्चारण के लिए

(B) भावग्रहण के लिए

(C) काठिन्य निवारण के लिए

(D) बोध प्रश्न के लिए

उत्तरमाला

1.D 2.D 3.B 4.B 5.A 6.D 7.B 8.C 9.D 10.D 11.C 12.A 13.B 14.C 15.D 16.C 17.B 18.B 19.D 20.A 21.D 22.A 23.C 24.D 25.B 26.B 27.A 28.A 29.B 30.A

11 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. 'पुष्पेभ्यः स्पृहयति' वाक्य में 'पुष्पेभ्यः' में कौन-सी विभक्ति एवं वचन है?
(A) द्वितीया बहुवचन (B) चतुर्थी एकवचन
(C) चतुर्थी बहुवचन (D) षष्ठी बहुवचन

2. 'कवीनां कालिदासः श्रेष्ठः' इस वाक्य में 'कवीनां' पद में विभक्ति वचन है-
(A) तृतीया एकवचन (B) षष्ठी बहुवचन
(C) षष्ठी एकवचन (D) पंचमी द्विवचन

3. महाकवि कालिदास की रचनायें हैं-
(A) छह (B) पाँच
(C) सात (D) तीन

4. 'बालको हसति' में किस सूत्र से सन्धि की गयी है-
(A) अतोरोरप्लुतादप्लुते (B) आद्गुणः
(C) हशि च (D) ससजुषो रुः

5. 'प्रेजते' में सन्धि का विधान करने वाला सूत्र है-
(A) वृद्धिरेचि (B) आद्गुणः
(C) इको यणचि (D) एङि पररूपम्

6. 'नवरात्रम्' पद में समास होगा-
(A) द्विगु (B) कर्मधारय
(C) तत्पुरुष (D) द्वन्द्व

7. 'प्रतिदिनम्' पद में समास बताइये-
(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व
(C) तत्पुरुष (D) द्विगु

8. 'भुज्' धातु में 'क्त' प्रत्यय लगाने पर रूप बनेगा-
(A) भुक्तवान् (B) भोक्ता
(C) भुक्तम् (D) भुक्त्वा

9. 'गायन्' शब्द में प्रयुक्त प्रकृति एवं प्रत्यय हैं-
(A) गै + शतृ (B) गै + यत्
(C) गै + शानच् (D) गै + तुमुन्

10. 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' इस उक्ति का वक्ता कौन है-
(A) प्रियंवदा (B) गौतमी
(C) कण्व (D) अनसूया

11. 'श्रुतेरिवार्थं स्मृतिरन्वगच्छत्' सूक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) चन्द्रापीडकथा (B) रघुवंशम्
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (D) इनमें से कोई नहीं

12. निम्नलिखित में कर्तृवाच्य का उदाहरण नहीं है-
(A) रमेशः ग्रन्थं पश्यति
(B) अहं रामकथां शृणोमि
(C) छात्रेण हस्यते
(D) सः पयः पिबति

13. अशुद्ध शब्द का चयन करें-
(A) मनः (B) दुखम्
(C) लक्ष्मीः (D) दधि

14. 'विद्वस्' शब्द का द्वितीया बहुवचन में रूप होगा-
(A) विद्वांसम् (B) विदुषान्
(C) विदुषः (D) विद्वान्

15. 'पितृ' शब्द का पञ्चमी एकवचन में रूप होता है?
(A) पितरस्य (B) पित्रात्
(C) पितुः (D) पित्रः

16. 'पठ्' धातु का लोट् लकार, मध्यमपुरुष, द्विवचन में रूप होगा-
(A) पठन्तु (B) पठन्ति
(C) पठतम् (D) पठानि

17. धातु से पहले जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं-
(A) प्रत्यय (B) उपसर्ग
(C) सर्वनाम (D) इनमें से कोई नही।

18. 'बालकः अद्य पठन् गच्छति' इस वाक्य में अव्यय पद है-

(A) अद्य (B) पठन्

(C) गच्छति (D) बालकः

19. '60' को संस्कृत में क्या कहेंगे-

(A) षट्शीतिः (B) षष्टिः

(C) षट्शती (D) षड्विंशतिः

20. 'त्र्यशीतिः' का संख्यात्मक रूप होगा-

(A) 63 (B) 73

(C) 83 (D) 23

21. जिह्वामूलीय वर्णों का उच्चारणस्थान है-

(A) मूर्धा (B) दन्तोष्ठ

(C) जिह्वामूल (D) कण्ठ

22. 'अच्' प्रत्याहार के अन्तर्गत नहीं आता-

(A) ए (B) ण

(C) ऋ (D) औ

23. 'अन्तःस्थ' अथवा 'अर्द्धस्वर' के अन्तर्गत नहीं आता है-

(A) श (B) र

(C) ल (D) य

24. शुकनास किसका मन्त्री था?

(A) दिलीप का (B) दुष्यन्त का

(C) तारापीड का (D) शूद्रक का

25. किस राजा ने नन्दिनी की सेवा की थी?

(A) रघु ने (B) दिलीप ने

(C) दशरथ ने (D) राम ने

26. 'हारीत' किसका पुत्र था?

(A) जाबालि का (B) विश्वामित्र का

(C) भारद्वाज का (D) वशिष्ठ का

27. 'शकुनिः' शब्द का अर्थ है-

(A) शकुनि मामा (B) पक्षी

(C) वृक्ष (D) पुत्र

28. 'प्रदोषः' शब्द का विलोम होगा-

(A) संध्या (B) प्रबुद्धः

(C) प्रकाशः (D) प्रत्यूषः

29. कक्षा में 'शिक्षण सामग्री' के अन्तर्गत नहीं गिना जाता है-

(A) श्यामपट्ट (B) चाक

(C) दण्ड (D) चार्ट

30. शिक्षण में सहायक दृश्य सामग्री के अन्तर्गत नहीं आता है-

(A) श्यामपट्ट/बोर्ड (B) चित्र

(C) चार्ट (D) रेडियो।

उत्तरमाला

1.C 2.B 3.C 4.C 5.D 6.A 7.A 8.C 9.A 10.A 11.B 12.C 13.B 14.C 15.C 16.C 17.B 18.A 19.B 20.C 21.C 22.B 23.A 24.C 25.B 26.A 27.B 28.D 29.C 30.D

UP-TET (संस्कृत) ''विजयी भव'' नोट्स हेतु ज्ञानगंगा कोचिंग, बन्दरोड, इलाहाबाद में प्राप्त कर सकते हैं। मो. 7652075714

12 UP-TET (संस्कृत) मॉडल पेपर

1. 'अधिकरण' में विभक्ति होती है-
(A) तृतीया-विभक्ति (B) प्रथमा विभक्ति
(C) सप्तमी विभक्ति (D) पञ्चमी विभक्ति

2. 'नदीनां गङ्गा पवित्रतमा' वाक्य में रेखांकित पद में विभक्ति है-
(A) षष्ठी (B) प्रथमा
(C) तृतीया (D) चतुर्थी

3. कालिदास की रचना नहीं है-
(A) रघुवंशम् (B) ऋतुसंहारम्
(C) रत्नावली (D) मेघदूतम्

4. अशुद्ध शब्द को चयनित करें-
(A) हनूमान् (B) कोषः
(C) सन्यासी (D) शृण्वन्

5. कर्मवाच्य में प्रधानता होती है-
(A) कर्ता की (B) क्रिया की
(C) कर्म की (D) इनमें से कोई नहीं

6. 'सच्चरितम्' का सन्धि-विच्छेद होगा-
(A) सच् + चरितम् (B) सत् + चरितम्
(C) सच्चरि + तम् (D) सच्च + चरितम्

7. 'महा + औषधिः' में सन्धि कीजिए-
(A) महोषधिः (B) महाऔषधिः
(C) महौषधिः (D) महौषिधिः

8. 'हरिहरौ' पद में समास होगा-
(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व
(C) तत्पुरुष (D) द्विगु

9. 'पीताम्बरः' पद में समास है-
(A) बहुव्रीहि (B) कर्मधारय
(C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

10. 'दर्शनीयः' पद में धातु है-
(A) दृश् (B) दृक्
(C) पश्य (D) इनमें से कोई नहीं

11. 'सृष्टि' में कौन सा प्रत्यय है?
(A) क्त (B) क्तिन्
(C) शतृ (D) क्त्वा

12. 'नी' धातु में तुमुन् प्रत्यय लगाने पर रूप होगा-
(A) नयनम् (B) नीतिम्
(C) नीतम् (D) नेतुम्

13. 'बलवती हि भवितव्यता' सूक्ति किस ग्रन्थ में प्राप्त होती है-
(A) मेघदूतम् में (B) उत्तररामचरितम् में
(C) रघुवंशम् मे (D) कादम्बरी में।

14. 'क्व' इस अव्यय पद का अर्थ है-
(A) कहाँ (B) कब
(C) कितना (D) कैसे

15. संस्कृत में 'कन्धा' के लिए शब्द प्रयोग होता है-
(A) कण्ठः (B) हनुः
(C) कटिः (D) स्कन्धः

16. 'षोडश' शब्द को संख्यात्मक रूप में परिवर्तित करें-
(A) 61 (B) 16
(C) 63 (D) 36

17. प्राचीन संस्कृत शिक्षण पद्धति के अन्तर्गत नहीं आने वाले विकल्प का चयन कीजिए-
(A) व्यक्तिगत शिक्षा पर विशेष बल था
(B) विद्यार्थी नियम से उठते थे और प्रतिदिन अध्ययन करते थे।
(C) प्राचीन प्रणाली में स्मृति पर अधिक जोर था।
(D) छात्र की रुचि का विशेष ध्यान रखा जाता था।

18. हरबार्टीय पञ्चपदी का सही क्रम है-
(A) प्रस्तावना, विषयोपस्थापन, तुलना, प्रयोग, सामान्यीकरण
(B) विषयोपस्थापन, तुलना, प्रस्तावना, प्रयोग, सामान्यीकरण
(C) प्रस्तावना, विषयोपस्थापन, तुलना, सामान्यीकरण, प्रयोग
(D) विषयोपस्थापन, प्रस्तावना, तुलना, सामान्यीकरण, प्रयोग।

19. 'व' का उच्चारणस्थान है-

(A) दन्त + तालु (B) कण्ठ + तालु

(C) कण्ठ + ओष्ठ (D) दन्त + ओष्ठ

20. स्वरों का आभ्यन्तर प्रयत्न है?

(A) विवृत (B) ईषत्विवृत

(C) संवृत (D) स्पृष्ट

21. 'चय्' प्रत्याहार के अन्तर्गत वर्ण आते हैं?

(A) च ट त व क प (B) च ट त क प

(C) च ट त क प य (D) च ट त व क प य्

22. 'अनुभवति' पद में लगा हुआ उपसर्ग है?

(A) अनु (B) अन्

(C) अ (D) आप्

23. 'सर्व' पुँल्लिङ्ग सप्तमी एकवचन में रूप होगा-

(A) सर्वस्य (B) सर्वेभ्यः

(C) सर्वेषु (D) सर्वस्मिन्

24. 'एधि' किस धातु, लकार, वचन का रूप है-

(A) अस्, लोट्लकार, मध्यमपुरुष, एकवचन

(B) अस्, लट्, मध्यमपुरुष, एकवचन

(C) एध्, लट्, मध्यमपुरुष, बहुवचन

(D) एध्, लोट्, प्रथमपुरुष, एकवचन

25. 'स्वर्गः' पद का पर्यायवाची शब्द है?

(A) नाकः (B) सुरलोकः

(C) स्वः (D) उपर्युक्त सभी

26. 'गाँव के दोनों ओर वृक्ष हैं।' इसका संस्कृत में अनुवाद होगा-

(A) ग्रामः उभयतः वृक्षाः सन्ति।

(B) ग्रामम् उभयतः वृक्षाः सन्ति।

(C) ग्रामम् सर्वतः वृक्षः अस्ति।

(D) ग्रामस्य उभयतः वृक्षाः सन्ति।

27. 'विधिः' पद का अनेकार्थक शब्द है?

(A) विधान (B) भाग्य

(C) ब्रह्मा (D) उपर्युक्त सभी

28. मूल्यांकन प्रणाली के पाठसूत्र में निम्नलिखित में से कौन सा पद नहीं है?

(A) उद्देश्य (B) कथोपकथन

(C) पाठ्य-बिन्दु (D) छात्र से कार्य

29. संस्कृत आयोग द्वारा प्रस्तुत भाषा के विषय में प्रथम योजना में कौन सी भाषा सम्मिलित नहीं है?

(A) मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा

(B) अंग्रेजी या हिन्दी या अन्य आधुनिक भाषा

(C) संस्कृत या कोई अन्य प्राचीन भाषा

(D) अरबी

30. निम्नलिखित में से कौन सी पठन शिक्षा की विधि नहीं है?

(A) देखो और कहो विधि (B) अक्षर-बोध विधि

(C) अनुध्वनि विधि (D) व्याख्यान विधि

उत्तरमाला

1.C 2.A 3.C 4.C 5.C 6.B 7.C 8.B 9.A 10.A 11.B 12.D 13.D 14.A 15.D 16.B 17.D 18.C 19.D 20.A 21.B 22.A 23.D 24.A 25.D 26.B 27.D 28.B 29.D 30.D

UP-TET और M.P. वर्ग 1-2 (संस्कृत) हेतु YouTube पर संस्कृतगंगा चैनल को देखें।